Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding delay of Central Railway trains in Mumbai.

श्री मनोज कोटक : सभापति महोदय, मुंबई की लाइफ-लाइन गिनी जाने वाली सेंट्रल सब-अर्बन रेलवे जिसमें सेंट्रल और हार्बर दोनों लाइनें हैं, भारी बरसात में अपने समय से उतर जाती है, लेकिन अभी बरसात भी शुरू नहीं हुई है और उससे पहले ही इसका टाइम-टेबल गड़बड़ा गया है, पिछले पन्द्रह दिनों से सेंट्रल रेलवे अपने समय से पीछे चल रही है । मैं आपका और सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि इसका बन्दोबस्त कीजिए और जो इस तरह की देरी हो रही है, उसको समय पर चलाने का प्रावधान करें ।